# परिशिष्ट

स्वदेश दीपक जी द्वारा भेजे प्रश्नावली के जवाब



परिशिष्ट - 1

प्रश्नावली

प्रश्न 1) आपका जन्म कब और कहाँ हुआ ?

उत्तर - 6 अगस्त, 1942, रावलपिंडी (पाकिस्तान)।

प्रश्न 2) आपके माता-पिता का नाम?

उत्तर - पिता - दामोदर भारव्दाज, जमीदांरी, माँ - सोमा।

प्रश्न 3) आपके परिवार के अन्य सदस्यों के बारे में कुछ जानकारी दीजिए।

उत्तर - दो छोटे भाई, शिक्षित, दो बहनें।

प्रश्न 4) आपका बचपन कैसे बीता ?

उत्तर - बँटवारे के बाद चले आये, बचपन घोर संघर्ष और दारिद्रता।

प्रश्न 5) आपकी शिक्षा कहाँ हुई ?

उत्तर - प्राथमिक, माध्यमिक शिक्षा - नई तालीम स्कूल, राजपूरा (पंजाब),
एम.ए. इग्लिश - पंजाब यूनिर्वसिटी, चन्दीगढ।

प्रश्न 6) आप साहित्य सृजन की ओर कैसे मुडे ?

उत्तर - अपने प्राईमरी स्कूल के अध्यापक श्री. आत्मप्रकाश ने साहित्य की महत्ता समझाई।

प्रश्न 7) आपकी पहली रचना कौनसी है, और कब लिखी गयी ?

उत्तर - पहली कहानी ज्ञानोदय, कोलकोत्ता में 1957 में प्रकाशित हुई।

प्रश्न 8) आपके माता-पिता आपको क्या बनाना चाहते थे ?

उत्तर - वे दोनों मुझे एक सैनिक अफसर देखना चाहते थे।

प्रश्न 9) आप अध्यापन क्षेत्र से कब और किस तरह जुडे ?

उत्तर - 1969 में एम.ए. इंग्लिश के बाद।

प्रश्न 10) आपके विचार से अध्यापक को कैसा होना चाहिए ?

उत्तर - काम का पक्का और मजबूत नैतिकता।

प्रश्न 11) अध्यापन क्षेत्र से कब और किस तरह जुडे ?

उत्तर - एक सफल प्राध्यापक था, विद्यार्थी पूजा-भाव से देखते थे।

प्रश्न 12) आपकी शादी कब और कहाँ हुई ?

उत्तर - विवाह 1973, अम्बाला में ही।

प्रश्न 13) आपके बच्चों के बारे में कुछ जानकारी दीजिए।

उत्तर - बेटी - पारूल :- Indian Express, चन्दीगढ में वरिष्ठ पत्रकार।

बेटा - सुकांत :- Free Laynce Journalist ।

प्रश्न 14) आपकी आदतें क्या-क्या है ?

उत्तर - पढना, विस्फोटक क्रोध।

प्रश्न 15) आपको खाने में कौनसी चीजें पसंद है ?

उत्तर - केवल एक चीज - दाल अथवा सब्जी, सिगरेट बहुत पीना।

प्रश्न 16) आपके स्वभाव के बारे में कुछ जानकारी दीजिए।

उत्तर - स्वभाव गुस्सेला, अत्याचार, अनैतिकता बिल्कुल सहन नहीं होते।

प्रश्न 17) आप क्या पहनना पसंद करते है ?

उत्तर - पैंट और टी-शर्ट।

प्रश्न 18) आपके पसंद के लेखक, कवि कौन है ? वे आपको क्यों पसंद है ?

उत्तर - लेखक - कृष्णा सोबती, राजेन्द्र यादव, - बाहर और अन्दर की दुनिया के

कवि - सौमित्र मोहन, राजेश जोशी - विरोध के कवि।

प्रश्न 19) हिंदी के अलावा आपने और किन-किन भाषाओं मे साहित्य लिखा है ?

उत्तर - केवल हिंदी में लिखा है।

प्रश्न 20) लेखक को कैसा होना चाहिए ? आपको किन समस्याओंका सामना करना पडा है ?

उत्तर - जो कुछ भी गलत हो रहा है, लेखक उनके विरोध में खडा होगा। कोर्टमार्शल, जलता हुआ रथ, सबसे उदास कविता में यही प्रयास है।

प्रश्न 21) आपका शीघ्र प्रकाशन साहित्य कौनसा है ?

उत्तर - नाटक जेजमेंट, संस्मरण- खंडित जीवन का कोलाज, सम्पूर्ण कहानियाँ।

प्रश्न 22) आपके रचना साहित्य को किस दृष्टि से देखना चाहिए।

उत्तर - आम आदमी के जीवन दर्पण का ब्यौरा।

प्रश्न 23) आपके सभी नाटकों में आपको कौनसा नाटक अधिक प्रिय है ? क्यों ?

उत्तर - सब से उदास कविता - जीवन - राजनैतिक दृष्टि का दस्तावेज - सत्ता बदलने के alternative की तलाश।

प्रश्न 24) आपके कृतीयों को प्राप्त पुरस्कारों की जानकारी दीजिए।

उत्तर - See Bio-data.

प्रश्न 25) आपके नाटक साहित्य में समस्याओं का चित्रण अधिकतर हुआ है, ऐसा क्यों ?

उत्तर - नाटक का मेरे लिए एक ही अर्थ है - किसी सामाजिक समस्या को उखाडना। मेरे नाटक महज मनोरंजन के लिये नहीं।

प्रश्न 26) क्या आप अपने साहित्यिक कार्य से संतुष्ट है ? या आप जिन्दगी में और कुछ करना चाहते है ?

उत्तर - मैं जीवन में लिखना चाहता हूँ, साहित्य ने मुझे दर्शकों, पाठकों का अगाध स्नेह, मान दिया है।

प्रश्न 27) आपकी यात्राओं के बारे में कुछ जानकारी दीजिए।

उत्तर - अस्वस्थ रहने के कारण अब यात्रायें सम्भव नहीं, कभी Tracking का बहुत नशा था। गंगा के उद्भ गौमुख तक हो आया। नाटकों के कारण कोलकोता, बम्बई, लखनऊ जाना भी हुआ।

प्रश्न 28) वर्तमान लेखन और लेखकों के बारे में क्या मत है ?

उत्तर - मैं किसी और के लेखन को लेकर कुछ नहीं कहता।

प्रश्न 29) आपका आज के नाटक साहित्य के बारे में क्या मत है ?

उत्तर - आज का नाटक साहित्य सशक्त और सार्थक है।

प्रश्न 30) कोर्टमार्शल को लिखने की प्रेरणा कहाँ से मिली ?

उत्तर - कोर्टमार्शल की केन्द्रीय घटना जवान द्वारा अफसर के वध सत्य है।

प्रश्न 31) क्या कोर्टमार्शल सत्यकथा पर अधारित है ?

उत्तर - जी, केन्द्रीय कथा सत्य है।

प्रश्न 32) क्या सेना प्रशासन में आज भी कोर्टमार्शल जैसी स्थिती पायी जाती है ?

उत्तर - लोगों में क्रूर व्यवस्था के प्रति क्रोध उपजता है।

प्रश्न 33) काल कोठरी के माध्यम से आप क्या बताना चाहते है ?

उत्तर - रंगमंच जीवन के दु:ख भी, मंच के प्रति उत्साह, और प्रतिबद्धता।

प्रश्न 34) कालकोठरी की प्रमुख समस्या कौनसी है ?

उत्तर - कलाकारों का अभावों से घिरा जीवन।

प्रश्न 35) कालकोठरी के मंचन के अनुभव बताइए।

उत्तर - कालकोठरी के मंचन के बाद दर्शकों पर लगभग शर्मिंदगी चुप्पी, मंच जगत के लिये कुछ भी

न कर पाने का guilt.

प्रश्न 36) आपकी राय में वर्तमान समाज की समस्या क्या है ?

उत्तर - वर्तमान समाज की समस्या - लोग लम्बी नींद में - हम से क्या लेना की रोगी मनोवृत्ति से ग्रस्त।

प्रश्न 37) आपकी सफलता में आपकी पत्नी का योगदान बताइए।

उत्तर - गीता मेरी पत्नी ने मुझे हमेशा सहा।

प्रश्न 38) आपके काल कोठरी और कोर्टमार्शल नाटक किस नाटक की शृखंला में आते है ?

उत्तर - Realistic Writing.

प्रश्न 39) काल कोठरी के पात्रों के बारे में कुछ जानकारी दीजिए। (रजत, मीना)

उत्तर - रजत मैं स्वयं हूँ - एक हाथ में आग, एक हाथ में पानी, मीना खुद मेरी पत्नी है।

प्रश्न 40) आपके साहित्य पर अब तक कितने छात्रों ने M.phil और Ph. D. की उपाधि हासिल की है ? या कर रहे है ?

उत्तर - 10 ने एम्.फिल, 4 पीएच.डी. कर रहे हैं।

फ़ोन: 0171-2632960

स्वदेश दीपक
108 - माल रोड
अम्बाला छावनी: 133001

अगस्त 15, 2002

प्रिय साधक जी.

स्नेह मिल जाये.

मेरे बारे में कहीं से जानकारी मिलना कठिन है.

आप कोर्टमार्शल पर काम कर रहे हैं, यह जान कर अच्छा लगा. व्यवस्था के आतंक और अत्याचार से लोग परिचित हैं इस लिये identify कर लेते हैं आलोचकों कहना है कि पिछले दशक का सबसे अधिक चर्चित और मंचित नाटक कोर्टमार्शल है. अब तक शायद 2000 मंचन विभिन्न भाषाओं में और वर्षों की बात पिछले 4-5 वर्षों से हो रही है यह जब 1990 में रामगोपाल बजाज के निर्देशन से खेला गया था मैं ने.

शुभकामनायें.

आपका
स्वदेश

---

6.7.2002

प्रिय श्री साधक

सवाल ही नहीं उठता कि मैं खत का जवाब न दूं. डाक विभाग की कृपा हो गई हो शायद.

आप प्रश्नावली भेजें. अपने बारे में सारे और सही जवाब दूं.

नाटक कोर्टमार्शल की एक भी प्रति नहीं मेरे पास. यहां से आप से मंगवा लें. मेरा हवाला दें, जल्दी भेज देंगे.

अरुण महेश्वरी
वाणी प्रकाशन
21-A, Daryaganj
New Delhi: 110002

सस्नेह
स्वदेश दीपक